जिला कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली

कोटा, (निसं)। जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में एसडीआरएफ के तहत विभिन्न विभागों की ओर से प्राप्त मरम्मत संबंधी प्रस्तावों की प्रगति की समीक्षा की। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला ने बताया कि एसडीआरएफ के तहत भवन मरम्मत के 30 करोड़ 69 लाख रुपये के 1560 प्रस्तावों की प्रशासनिक स्वीकृति जारी हो गई है। इनमें शिक्षा विभाग के 854 प्रस्ताव, सार्वजनिक निर्माण विभाग के 297 प्रस्ताव सड़कों के एवं 27 प्रस्ताव पुलिया मरम्मत के, महिला एवं बाल विकास विभाग के 290 भवनों, पंचायती राज विभाग के 72, चिकित्सा विभाग के 20 भवनों की मरम्मत के प्रस्ताव शामिल हैं। इन प्रस्तावों की वित्तीय स्वीकृति जारी होने के बाद मरम्मत के कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।

बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि एसडीआरएफ के तहत मरम्मत संबंधी प्रस्तावों की प्रगति की मॉनिटरिंग की जाए ताकि मरम्मत कार्य समय पर शुरु किए जा सकें। उन्होंने विभिन्न विभागों की बजट घोषणाओं एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। समारिया ने कोटा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से बारिश के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की जानकारी ली। केडीए सचिव मुकेश चौधरी ने बताया कि वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त 70 प्रतिशत सड़कों पर पेचवर्क करवाया गया है। दीपावली से पहले बाकी बची सड़कों की मरम्मत के कार्य पूरे करवा दिए जाएंगे।

जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली।

जिला कलेक्टर ने सीएमएचओ से मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों एवं एंटी लार्वा एक्टिविटी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने डेंगू एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के उपाय प्रभावी तरीके से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सतत मॉनिटरिंग करें।

उन्होंने सांसद एवं विधायक स्थानीय विकास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने 2 अक्टूबर से शुरु होने वाले सहकार सदस्यता अभियान की तैयारियों की भी जानकारी ली। साथ ही, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति के बारे में पूछा। समारिया ने निर्देश दिए कि जन आधार और आधार कार्ड बनवाने और संशोधन इत्यादि के लिए लोगों को भटकना नहीं पड़े, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से लेने एवं त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम प्रशासन वीरेंद्र सिंह यादव, नगर निगम दक्षिण आयुक्त ओ पी मेहरा, सीईओ जिला परिषद कमल मीणा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

नाबालिग बालक को चाइल्डलाइन कोटा को सौंपा

कोटा, (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के अंतर्गत एक बार फिर सराहनीय कार्य किया गया। कोटा रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान रेलवे सुरक्षा बल के आरक्षक बाबूलाल चौधरी को प्लेटफार्म संख्या 3 के दक्षिणी साइड पर एक नाबालिग बालक निराश्रित एवं डरा-सहमा हुआ दिखाई दिया। पूछताछ में बालक ने अपना नाम पियूष कुमार पुत्र स्व. राधेश्याम, आयु लगभग 9 वर्ष, निवासी पुरोहित जी की टापरी, कोटा बताया और कहा कि वह घर से नाराज होकर स्टेशन पर आ गया था। तत्पश्चात बालक को कोटा पोस्ट पर लाकर ड्यूटी स्टाफ की निगरानी में सुरक्षित बैठाया गया तथा चाइल्डलाइन कोटा को सूचना दी गई। सूचना पर चाइल्डलाइन कोटा की सुपरवाइजर श्रुति शर्मा सहयोगी स्टाफ सहित कोटा पोस्ट पर पहुंची। उप निरीक्षक कप्तान सिंह द्वारा उक्त नाबालिग को सुपुर्दगीनामे के तहत चाइल्डलाइन कोटा को सुरक्षित रूप से सौंपा गया।

गरबा रास महोत्सव का समापन

छबड़ा (निसं)। इनरव्हील क्लब द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव का समापन हो गया हैं। जिसमें अतिथि के रूप में हरीश-प्रियंका शर्मा, मुकेश मौर्य, उर्मिला पारीक, हितेश सोनी, प्रियंका मेहता एवं शोभा महेश्वरी ने की। अतिथियों का स्वागत क्लब अध्यक्ष अंजू सोनी, क्लब सेक्रेटरी एकता शर्मा, कोषाध्यक्ष रेणू जिंदाणी, उपाध्यक्ष रानी सिंघल, एआइएसओ पल्लवी जैन, आशा अग्रवाल, नंदिनी सोनी, चंदा धनोरिया, कुंती जैन, रेणु गालव, प्रियंका मेहता, अनीता शर्मा, कविता जैन, सारिका ने किया। बेस्ट डांडिया मे हीर वधवानी ने पहला स्थान प्राप्त किया। बेस्ट ड्रेसप मे पर्व चंचलानी, मानल अदलक्खा, पूजा पारीक, हानिता, माही त्रिवेदी अव्वल रहे। महारस मे अक्षिका तथा दक्षता सोनी, पहल चौरसिया, हिमाशी मौर्य, सिया सहरिया, अक्षि गोयल ने आकर्षक प्रस्तुती दी।

नगर निगम, कोटा दक्षिण-उत्तर

132वाँ राष्ट्रीय दशहरा मेला, कोटा

शारदीय नवरात्र की अष्टमी पर होगा माँ दुर्गा का गुणगान

प्रसिद्ध भजन गायक किशन भगत द्वारा प्रस्तुत

भजन संध्या

सम्माननीय अतिथि

श्री शैलेन्द्र भार्गव — महन्त श्री गोदावरी धाम बालाजी मंदिर

पं. श्री गोविन्द शर्मा — महन्त श्री बड़े सत्यनारायण मंदिर कैथूनीपोल

श्री क्रान्ति जैन — अध्यक्ष कोटा व्यापार महासंघ, कोटा

श्री योगेन्द्र खींची — पूर्व उपमहापौर एवं पार्षद नगर निगम कोटा (दक्षिण)

दिनांक : 30 सितम्बर 2025, मंगलवार | स्थान : आशापुरा माताजी मंदिर, किशोरपुरा, कोटा

समय : रात्रि 8.00 बजे

आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं

विनीत : विवेक राजवंशी, अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य, मेला समिति तथा नगर निगम कोटा दक्षिण-उत्तर

राजस्थान संवाद

एएसपी संजय शर्मा सेवानिवृत्ति पर सम्मानित

कोटा, (निसं)। राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान, जिला शाखा, कोटा द्वारा सेवानिवृत्त पुलिस कार्मिकों का स्नेह मिलन समारोह 5 अक्टूबर (रविवार) को आयोजित किया जाएगा।

संगठन के प्रवक्ता नंद किशोर वर्मा ने बताया कि स्नेह मिलन कार्यक्रम में पुलिस एवं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जायेगा। संस्थान द्वारा अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर राज्य सेवा से निवृत होने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय शर्मा, हेड कांस्टेबल रामनारायण तथा कुक कालू सिंह का माल्यार्पण एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

एएसपी संजय शर्मा ने कोटा को अपनी कर्मभूमि तथा सौहार्द का शहर बताते हुए यहां की पुलिस एवं जनता द्वारा समय समय पर दिए गए सहयोग की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने दीपावली, होली और ईद जैसे सभी पर्व मिल जुल कर मनाने की अपील की।

'विचारों की उड़ान' का विमोचन, युवाओं को मिलेगी नई दिशा और प्रेरणा : राजेश बिरला

रामगंजमण्डी, (निसं)। कोटा नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एवं माहेश्वरी समाज कोटा के अध्यक्ष राजेश बिरला ने आज श्रीनाथपुरम स्थित विद्यालय सभागार में लेखक परमानन्द गोयल की पुस्तक विचारों की उड़ान, जीवन आपका, नज़रिया आपका और दृष्टिकोण भी आपका का विमोचन किया।

समारोह में शिक्षाविद एवं शिवज्योति एजुकेशन ग्रुप के महेश गुप्ता, होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान कोटा डिवीजन के अध्यक्ष तथा अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के नवनियुक्त कोटा जिला अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी, प्रादेशिक सेवारत वैश्य संस्था के अध्यक्ष हुकुमचंद मंगल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिला महामंत्री रमेशचन्द्र गोयल, राजीव गांधी नगर विकास समिति के अध्यक्ष प्रतीक गोयल एवं सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के देवेंद्र सिंह चौहान सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजेश बिरला ने कहा कि यह कृति समाज और युवाओं को सकारात्मक सोच अपनाने तथा मूल्य-आधारित जीवन जीने के लिए प्रेरित करेगी। यह आने वाली पीढियों के लिए मार्गदर्शन का स्त्रोत बनेगी।

राजेश बिरला ने परमानन्द गोयल की पुस्तक विचारों की उड़ान, जीवन आपका, नज़रिया आपका और दृष्टिकोण भी आपका का विमोचन किया।

लेखक परमानन्द गोयल ने बताया कि पुस्तक में कुल 56 लेख संकलित हैं, जिन्हें छह वर्गों सोच व समाज, युवा व शिक्षा, तकनीक व सुरक्षा, प्रेरणा व मूल्य, संस्कृति व गौरव तथा यात्रा व पर्यावरण में विभाजित किया गया है। उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य किसी को उपदेश देना नहीं, बल्कि हर पाठक को एक साथी की तरह आमंत्रित करना है- ताकि वे अपने विचारों को पंख दें और अपना स्वतंत्र दृष्टिकोण निर्मित कर सकें।

पुस्तक में परिवार व मित्रों के साथ यात्रा का आनंद, साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, नैतिक मूल्यों की आवश्यकता और पीढियों के बीच संतुलन जैसे विषयों को समाहित किया गया है। अंत में गोयल ने इस पुस्तक को कोटा, भारत और विशेष रूप से युवाओं को समर्पित करते हुए इसे विचारों की असीमित शक्ति को पहचानने और सफलता के आकाश को छूने का आव्हान बताया।

सार-समाचार

कोटा नागरिक सहकारी बैंक की आमसभा एवं सम्मान समारोह सम्पन्न

कोटा, (निसं)। कोटा नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड कोटा की 61वीं आमसभा झालावाड़ रोड स्थित श्री माहेश्वरी भवन में आयोजित की गई। अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला द्वारा वर्ष 2024-25 की प्रगति वार्षिक प्रतिवेदन का पठन करते हुए अध्यक्षीय उद्बोधन में बैंक सदस्यों को 10 प्रतिशत लाभांश की घोषणा की गई। प्रबंध निदेशक व उप रजिस्ट्रार बीना बैरवा ने बैंक आमसभा में गत आमसभा की कार्यवाही की पुष्टि एवं वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 24-25, अंकेक्षण रिपोर्ट, बजट व लाभ-हानि खाता, वार्षिक प्रतिवेदन की पुष्टि सदन द्वारा करवाई। सभा में 38 वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित किया गया। आमसभा में मुख्य अतिथि सहकारी उपभोक्ता होलसेल भण्डार लिमिटेड कोटा के अध्यक्ष हरिकृष्ण बिरला, बैंक अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, महापौर राजीव अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन, देहात जिला अध्यक्ष प्रेम गोचर, मार्केटिंग सोसायटी के अध्यक्ष निहाल सिंह राठौड़, हितकारी शिक्षा सहकारी समिति की अध्यक्षा सूरज बिरला, महिला नागरिक बैंक अध्यक्ष मंजू बिरला, मंत्री चंद्र मोहन शर्मा, सभा नम्बर 108 के सचिव विमल जैन, उप रजिस्टर राजेश मीणा, बैंक उपाध्यक्ष हेमराज सिंह हाड़ा, उपभोक्ता भण्डार की महाप्रबन्धक बीना बैरवा मंचासीन रहे। मंच संचालन उपाध्यक्ष हाड़ा ने किया। उन्होंने बताया कि सभा में 38 वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित किया गया। हितकारी सोसायटी, उपभोक्ता भण्डार, महिला नागरिक बैंक, नागरिक बैंक, सभा नम्बर 108 के संचालको, विभिन्न समाजो के प्रतिनिधी एवं राजनेताओं ने अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला का स्वागत मालाओं से किया।

जानलेवा हमले के दोषी को चार साल की सजा सुनाई

कोटा, (निसं)। कोटा दुकान खाली कराने को लेकर दुकानदार पर जानलेवा हमले के छह साल पुराने मामले में एडीजे क्रम-6 न्यायालय ने सुनवाई करते हुए पकड़े गये आरोपी को 4 साल की सजा सुनाई। अपर लोक अभियोजक प्रियंका जादोन ने बताया कि किशोरपुरा निवासी परिवादी मुकेश ने 11 नवम्बर 2019 को अनंतपुरा पुलिस को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पर्चा बयान दिया कि उसने साढ़े चार वर्ष पूर्व गोबरिया बाबड़ी में बाबूलाल नागर की दुकान किराये से लेकर मेडिकल की दुकान खोली, और प्रतिमाह समय पर किराया दे रहा था। परिवादी ने कहा कि दुकान का एग्रीमेंट एक साल तो कराया पर उसके बाद एग्रीमेंट नही कराया और दुकान मालिक ने भी उससे नही कहा। परिवादी ने पर्चा बयान में कहा कि 11 नवम्बर 2019 की शाम को मेडिकल की दुकान पर बैठा हुआ था, उसी समय आनंद नागर आया और एक माह में दुकान खाली करने को कहा, जिस पर उसने आपति जताई तो आनंद नागर ने दुकान के काउंटर को धक्का दिया और अचानक से उस पर कैंची से हमला कर दिया, कैंची पेट व पीठ पर लगी। पुलिस ने परिवादी के पर्चा बयान पर जानलेवा हमले की धारा में मामला दर्ज कर कार्यवाही करते हुए आनंद नागर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले में अनुसंधान करते हुए आरोपी के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया।

जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कोटा, (निसं)। विश्व रेबीज दिवस सप्ताह 28 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इस दौरान जिले के चिकित्सा संस्थानों में जागरूकता गतिविधियां की जा रही है। सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर के निर्देश पर सोमवार को यूपीएचसी केशवपुरा में इस वर्ष की थीम एक्ट नाउः यू, मी, कम्यूनिटी पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। अस्पताल प्रभारी डॉ यावर खान ने अस्पताल आए लोगों को रेबीज रोग से बचाव-रोकथाम एवं उपचार के संबध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेबीज जानलेवा बीमारी है जो रेबीज नामक वायरस के संक्रमण से होती है। यह वायरस कुत्ता, बिल्ली, बंदर, चमगादड़ और अन्य पशुओं के लार में पाया जाता है। रेबीज संक्रमित इन जानवरों के काटने अथवा खरोच लगने से वायरस संक्रमण की संभावना होती है। रेबीज के लक्षण बुखार, झनझनाहट, उल्टी, जी घबराना, पानी से डरना, हिंसक स्वभाव होना आदि है। उन्होंने बताया कि बचाव के लिए घर के पालतू जानवरों जैसे कुत्ता, बिल्ली का समय-समय पर वैक्सीनेशन करवाना चाहिए। इन पशुओं के काटने पर घाव को साबुन अथवा तेज बहते हुए पानी से 15 मिनट तक धोना चाहिए और तुरंत चिकित्सक को दिखाकर पूर्ण उपचार लेना चाहिए।

'खेल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक'

कोटा, (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को कोटा में आयोजित की जा रही 69वीं राज्य स्तरीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय छात्र (17 वर्षीय) फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

विजय वीर क्लब मैदान, कुन्हाड़ी में आयोजित रंगारंग उद्घाटन समारोह में शिक्षा मंत्री ने दोनों टीमों की उपस्थिति में फुटबॉल को किक लगाकर उद्घाटन मुकाबले का शुभारंभ किया।

दिलावर ने इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है।

विजेता वही होता है जो स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ सफलता हासिल करता है। सभी खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलें।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री दिलावर ने तिरंगे के रंग के गुब्बारे भी आसमान में छोड़े और खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलवाई।

मुख्य अतिथि मदन दिलावर ने प्रतियोगिता का ध्वजारोहण किया तथा प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई प्रतिभागी टीमों द्वारा निकाले गए मार्च पास्ट की सलामी ली।

डांडिया गरबा नृत्य का आयोजन किया

कोटा में गायत्री मंदिर परिसर पर डांडिया गरबा नृत्य का आयोजन किया गया।

कोटा, (निसं)। आध्यात्मिक एवं पर्यावरण विकास समिति सी सेक्टर तलवंडी कोटा के सहयोगी संगठन गायत्री महिला मित्र मंडल के द्वारा गायत्री मंदिर परिसर पर दो दिवसीय डांडिया गरबा नृत्य का केवल महिलाओं द्वारा भव्य आयोजन किया गया।

गरबा नृत्य के साथ ही गायत्री महिला मित्र मंडल की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह राम कुमार मेहता पूर्व अध्यक्ष नगर विकास न्यास कोटा एवं अध्यक्ष आध्यात्मिक पर्यावरण विकास समिति के द्वारा कराया गया। जिसमें मंडल की संरक्षक शरण लता मेहता एवं ज्योति यादवेंद्र अध्यक्ष शारदा व्यास उपाध्यक्ष, ममता शर्मा एवं उषा शर्मा, कोषाध्यक्ष ललिता गौतम एवं सह कोषाध्यक्ष सुनीता बठला महामंत्री लता सोनी एवं मधु विजय सांस्कृतिक मंत्री ज्योति माथुर, योगिता चतुर्वेदी प्रचार एवं संगठन मंत्री रमा गुप्ता एवं शकुंतला गुप्ता एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने शपथ ली। साथ में मंडल के संगठन को मजबूत करने एवं जन सेवा करने का संकल्प दोहराया।

शहरी सेवा शिविर में हर पात्र को मिले लाभ : शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री

रामगंजमण्डी, (निसं)। नगर पालिका रामगंजमण्डी द्वारा 29 सितम्बर सोमवार को वार्ड नम्बर 17, 18, 19, 20 का शिविर पालिका के सभा भवन में आयोजित किया गया। शिविर में शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर द्वारा शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में प्राप्त प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करवाते हुऐ पात्र लाभार्थियों को पेन्शन पत्र बांटे साथ ही पट्टे वितरीत किए। साथ ही अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर अभियान की समीक्षा की एवं प्रगति जानी।

वहीं निर्देश दिए कि शिविरों में अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिले और लम्बित प्रकरणों का निस्तारण शीघ्र हो। शिविर में नगरपालिका के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने, सामाजिक सुरक्षा पेन्शन, पालनहार योजना, बच्चों के टीकाकरण का कार्य, पीएम स्वीनिधि ऋण योजना आदि कार्य प्रमुखता से किए जा रहें है। नगरपालिका रामगंजमण्डी द्वारा शहर चलो अभियान में 29 सितम्बर तक कुल 205 प्राप्त आवेदन में से 170 प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है। कैम्प के दौरान मंत्री के साथ पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल व कोटा स्टोन स्मोल स्केल इण्डस्टीज के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता नरेन्द्र काला सहित अन्य जनप्रतिनिधि साथ रहें। कैम्प में पालिक अधिशाषी अधिकारी तरूण कुमार लहरी मय पालिका का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। साथ ही चिकित्सा विभाग, बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, जलदाय विभाग एवं विद्युत विभाग सहित आदि विभागों के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

रामगंजमंडी में आयोजित शिविर में शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर द्वारा पट्टे वितरित किए गए।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1762 — जाहिर आम सूचना — दिनांक - 26.9.25

आवास संख्या 5-एल-24 महावीर नगर तृतीय, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री जगेन्द्र भटनागर पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार भटनागर को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री रमेश कुमार मालव पुत्र श्री बद्रीलाल मालव के नाम दिनांक 31.12.1994 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री रमेश कुमार मालव पुत्र श्री, बद्रीलाल मालव द्वारा दिनांक 31.12.1994 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री रमेश कुमार मालव पुत्र श्री बद्रीलाल मालव की मृत्यु दिनांक 10.06.2025 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती नन्द कंवरी बाई पत्नी श्री बद्री लाल, श्रीमती सावित्री पत्नी स्व. श्री रमेश कुमार, विष्णु मालव पुत्री स्व. श्री रमेश कुमार मालव, श्रीमती सीमा मालव पुत्री स्व. श्री रमेश कुमार मालव पत्नी श्री ओम प्रकाश मालव एवं प्रियंका मालव पुत्री स्व. श्री रमेश कुमार मालव द्वारा उक्त आवास में निहीत अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 18.07.2025 को श्री योगेश मालव पुत्र स्व. श्री रमेश कुमार मालव के पक्ष में किया गया। श्री योगेश मालव पुत्र स्व. श्री रमेश कुमार मालव द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 5-एल-24 महावीर नगर तृतीय, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, घोषणा पत्र एवं रिलीज डीड (त्याग पत्र) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र, घोषणा पत्र एवं रिलीज डीड (त्याग पत्र) के आधार पर श्री योगेश मालव पुत्र स्व. श्री रमेश कुमार मालव के नाम दिनांक 14.07 2020 को श्री चेतन श्रृंगी पुत्र श्री शान्तिलाल श्रृंगी को किया गया। श्री चेतन श्रृंगी पुत्र श्री शान्तिलाल श्रृंगी का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दिनांक 28.10.2021 को मंडल अभिलेख में दर्ज किया जा चुका हैं। तत्पश्चात् श्री चेतन श्रृंगी पुत्र श्री शान्तिलाल श्रृंगी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 10.09.2025 को श्रीमती विनीता नागर पत्नी श्री हेमन्त नागर को किया गया। श्रीमती विनीता नागर पत्नी श्री हेमन्त नागर द्वारा इस कार्यालय में शहरी सेवा शिविर-2025 के तहत प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 5/59 स्वामी विवेकानन्द नगर, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती विनीता नागर पत्नी श्री हेमन्त नागर का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती विनीत नागर पत्नी श्री हेमन्त नागर का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती विनीता नागर पत्नी श्री हेमन्त नागर का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1736 — जाहिर आम सूचना — दिनांक - 24.9.25

आवास संख्या 5-एम-16 महावीर नगर तृतीय, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी श्री पी.एल. सोनी को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री रमेश कुमार मालव पुत्र श्री बद्रीलाल एवं श्री राजेन्द्र कुमार मालव पुत्र श्री बद्रीलाल के नाम दिनांक 13.08.2003 को संयुक्त रूप से किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री रमेश कुमार मालव पुत्र श्री बद्रीलाल एवं श्री राजेन्द्र कुमार मालव पुत्र श्री बद्रीलाल द्वारा दिनांक 13.10.2003 को संयुक्त रूप से अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री रमेश कुमार मालव पुत्र श्री बद्रीलाल की मृत्यु दिनांक 10.06.2025 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती नन्द कंवरी बाई पत्नी श्री बद्री लाल, श्रीमती सावित्री पत्नी स्व. श्री रमेश कुमार, विष्णु मालव पुत्री स्व. श्री रमेश कुमार मालव, श्रीमती सीमा मालव पुत्री स्व. श्री रमेश कुमार मालव पत्नी श्री ओम प्रकाश मालव एवं प्रियंका मालव पुत्री स्व. श्री रमेश कुमार मालव द्वारा उक्त आवास में निहीत अपने 1/2 अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 20.07.2025 की श्री योगेश मालव पुत्र स्व. श्री रमेश कुमार मालव के पक्ष में किया गया। श्री योगेश मालव पुत्र स्व. श्री रमेश कुमार मालव द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 5-एम-16 महावीर नगर तृतीय, कोटा को उक्त आवास के 1/2 हिस्से का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धका पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, घोषणा पत्र एवं रिलीज डीड (त्याग पत्र) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र, घोषणा पत्र एवं रिलीज डीड (त्याग पत्र) के आधार पर श्री योगेश मालव पुत्र स्व. श्री रमेश कुमार मालव के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/ प्रतिस्थापन श्री योगेश मालव पुत्र स्व. श्री रमेश कुमार मालव के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री योगेश मालव पुत्र स्व. श्री रमेश कुमार मालव के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1722 — जाहिर आम सूचना — दिनांक - 24.9.25

आवास संख्या 5/59 स्वामी विवेकानन्द नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्रीमती वन्दना गौतम पुत्री श्री रामचन्द्र सुशील को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्रीमती वन्दना गौतम पुत्री श्री रामचन्द्र सुशील द्वारा दिनांक 25.03.2005 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्रीमती वन्दना गौतम पुत्री श्री रामचन्द्र सुशील द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 14.07 2020 को श्री चेतन श्रृंगी पुत्र श्री शान्तिलाल श्रृंगी को किया गया। श्री चेतन श्रृंगी पुत्र श्री शान्तिलाल श्रृंगी का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दिनांक 28.10.2021 को मंडल अभिलेख में दर्ज किया जा चुका हैं। तत्पश्चात् श्री चेतन श्रृंगी पुत्र श्री शान्तिलाल श्रृंगी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 10.09.2025 को श्रीमती विनीता नागर पत्नी श्री हेमन्त नागर को किया गया। श्रीमती विनीता नागर पत्नी श्री हेमन्त नागर द्वारा इस कार्यालय में शहरी सेवा शिविर-2025 के तहत प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 5/59 स्वामी विवेकानन्द नगर, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती विनीता नागर पत्नी श्री हेमन्त नागर का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती विनीत नागर पत्नी श्री हेमन्त नागर का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती विनीता नागर पत्नी श्री हेमन्त नागर का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1811 — जाहिर आम सूचना — दिनांक - 29.9.25

आवास संख्या 2-म-9 विज्ञान नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री नामामल पुत्र श्री खूबचन्द को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री नामामल पुत्र श्री खूबचन्द द्वारा दिनांक 23.08.1990 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री नामामल पुत्र श्री खूबचन्द कृपलानी की मृत्यु दिनांक 02.03.2010 को हो जाने के उपरांत उक्त आवास का हस्तांतरण वसीयतनामा के आधार पर दिनांक 27.04.2023 को श्री मोहन कोटवानी पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल कोटवानी को किया गया है। तत्पश्चात् श्री मोहन कोटवानी पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल कोटवानी द्वारा उक्त आवास का उपहार जरिय उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) आलेखित कर दिनांक 07.08.2023 को श्रीमती रिचा कमल जाधवानी पत्नी श्री कमल गिरधारी जाधवानी पुत्री श्री मोहन कोटवानी को किया गया। श्रीमती रिचा कमल जाधवानी पत्नी श्री कमल गिरधारी जाधवानी का नाम दिनांक 10.10.2023 को उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्रीमती रिचा कमल जाधवानी पत्नी श्री कमल गिरधारी जाधवानी द्वारा इस आवास का बैचान जरिय विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 15.05.2024 को श्रीमती र